नागरी बुलेटिन

त्रैमासिक ई-समाचार पत्रिका

अंक 03 (जुलाई – सितंबर 2022)

देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय

गुलावठी, बुलंदशहर (उ.प्र.)

(संबद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ)

www.dnpgcollege.ac.in

संरक्षक

प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी (प्राचार्य)

संपादक

भवनीत सिंह बत्रा

संपादकीय सलाहकार

अतुल तोमर

डॉ विनीता गर्ग

डॉ महेंद्र कुमार

डॉ पुष्पेंद्र कुमार सिंह

डॉ अवधेश कुमार सिंह

पीयूष त्रिपाठी

हरिदत्त शर्मा

संदीप कुमार सिंह

डॉ विनय कुमार सिंह

नरेश कुमार

नवीन तोमर

कृष्ण कुमार

डॉ हरीश कसाना

शशि कपूर

श्याम प्रकाश

अमित कुमार

अंक 03 – जुलाई-सितंबर, 2022

प्रकाशन की तिथि – 12 दिसंबर 2022

नागरी बुलेटिन एक त्रैमासिक ई-समाचार पत्रिका है जिसे देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी, जनपद बुलंदशहर द्वारा जारी किया जाता है।

© देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी 2022

सर्वाधिकार सुरक्षित।

नागरी बुलेटिन को https://dnpgcollege.ac.in/newsletter पर देखा जा सकता है।

INSTITUTIONAL HEAD

Shri Narendra Kumar

President, College Management Committee

Prof. Yougesh Kumar Tyagi

Principal

COLLEGE FACULTY

Mr. Atul Tomar

Assistant Professor

Department of Mathematics

Dr. Vinita Garg

Assistant Professor

Department of Chemistry

Dr. Mahendra Kumar

Assistant Professor

Department of English

Dr. Pushpendra Kumar Mishra

Assistant Professor

Department of Political Science

Dr. Awadhesh Kumar Singh

Assistant Professor

Department of Physical Education

Mr. Peeyush Tripathi

Assistant Professor

Department of Political Science

Mr. Haridutt Sharma
Assistant Professor
Department of Sanskrit

Mr. Bhavnit Singh Batra
Assistant Professor
Department of Economics

Mr. Sandeep Kumar Singh
Assistant Professor
Department of Hindi

Dr. Vinay Kumar Singh
Assistant Professor
Department of Chemistry

Mr. Naresh Kumar
Assistant Professor
Department of Physics

Mr. Navin Tomar
Assistant Professor
Department of Physical Education

Mr. Krishna Kumar
Assistant Professor
Department of Sociology

Dr. Harish Kumar Kasana
Assistant Professor
Department of Hindi

Mr. Shashi Kapoor
Assistant Professor
Department of Sociology

Mr. Shyam Prakash
Assistant Professor
Department of Mathematics

Mr. Amit Kumar
Lecturer
M.A. Economics (Self-Finance)

समाचार

अगस्त

'ABACUS -UP का उद्देश्य, क्रियाशीलता एवम् सावधानियां' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

दिनांक 02 अगस्त 2022 को महाविद्यालय में 'ABACUS -UP का उद्देश्य, क्रियाशीलता एवम् सावधानियां ' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 योगेश कुमार त्यागी ने आगामी वर्षों में ABACUS -UP पोर्टल पर पंजीकरण को अनिवार्य बताया। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर पंजीकरण करने से समस्त प्रक्रिया पारदर्शी संभव हो जायेगी तथा जालसाजों द्वारा अंकपत्र एवम् प्रमाणपत्र के अनैतिक प्रयोग पर रोक लगेगी।

कार्यशाला में विषय विवेचक एवम् विस्तारक के रूप में महाविद्यालय के मुख्य नियंता श्री नरेश कुमार जी ने छात्रों को ABACUS -UP के उद्देश्य, पंजीकरण प्रक्रिया एवं सावधानियों पर प्रकाश डाला। ABACUS -UP की वेबसाइट पर छात्रों को पंजीकरण की संपूर्ण प्रक्रिया को प्रोजेक्टर पर प्रदर्शन के द्वारा विस्तार से बताया एवं वांछित प्रपत्रों की आवश्यकताओं को भी बताया।

समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर श्री कृष्णकुमार जी ने बताया कि ABACUS -UP के क्रियान्वयन से छात्रों की डिग्रियां, मार्कशीट आदि ABACUS -UP के द्वारा DIGI LOCKER पर सुरक्षित होंगी तथा सिंगल क्लिक पर सुलभ होंगी तथा प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, प्राध्यापक तथा छात्र इससे संबद्ध होंगे।

कार्यशाला में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 योगेश कुमार त्यागी तथा प्राध्यापकगण श्री अतुल तोमर, डॉ0 विनीता गर्ग, डॉ0 महेंद्र कुमार, डॉ0 पी के मिश्र, श्री पीयूष त्रिपाठी, डॉ0 विनय कुमार सिंह, श्री हरिदत्त शर्मा, डॉ0 हरीश कसाना, श्री शशि कपूर, श्री श्याम प्रकाश आदि एवं विज्ञान तथा कला संकाय के छात्र/ छात्राएं उपस्थित रहे।

महाविद्यालय में 'हर घर तिरंगा' थीम के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव का शुभारंभ

दिनांक 03 अगस्त 2022 को महाविद्यालय में 'हर घर तिरंगा' थीम के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य प्रो0 योगेश कुमार त्यागी ने विद्यार्थियों को देश की सेवा करने के लिए तैयार रहने एवं अच्छा नागरिक बनने की सलाह दी। पीयूष त्रिपाठी ने राष्ट्रीय ध्वज के डिज़ाइनर पिंगली वेंकैया के जीवन को याद किया।

डॉ. पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि इस अवसर पर सांस्कृतिक परिषद द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी स्वतंत्रता सप्ताह के दौरान हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यक्रमों पर सहमति बनी। उल्लेखनीय है कि आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत देशवासियों को राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति जागरूक किया जाना है। इस सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय में हर घर तिरंगा पर आधारित लेखन, स्लोगन, निबंध, पेंटिंग, सामान्य ज्ञान, क्विज, तिरंगा रैली, चित्रकला प्रतियोगिता इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। इस बैठक में अगस्त माह में महाविद्यालय में किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

डॉ विनय कुमार सिंह ने तिरंगे के विभिन्न प्रकारों के बारे में बताया। संदीप कुमार सिंह ने ध्वज संहिता के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। भवनीत सिंह बत्रा ने तिरंगे की रक्षा के लिए आत्मउत्कर्ष के लिए तैयार रहने के लिए कहा।

इस अवसर पर, अतुल तोमर, डॉ विनीता गर्ग, डॉ महेंद्र कुमार, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार, शशि कपूर, श्याम प्रकाश एवं, काजल यादव, साधना शर्मा, जैनब, ख्याति भारद्वाज, रिया, तमन्ना, रमा शर्मा तथा अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

भारत छोड़ो आंदोलन के अवसर पर वेबिनार का आयोजन



दिनांक 08 अगस्त 2022 को राजनीति विज्ञान विभाग, सांस्कृतिक परिषद, और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में भारत छोड़ो आंदोलन के अवसर पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया । इस वेबिनार की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने की जबकि प्रोफेसर के के शर्मा, इतिहास विभाग, मुलतानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य वक्ता ने इतिहास को वर्तमान और अतीत के बीच अंतहीन संवाद की संज्ञा दी। उन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उपजी परिस्थितियों में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन की घटनाओं पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर शर्मा ने मेरठ, बुलंदशहर और गुलावठी के क्षेत्रीय इतिहास की चर्चा करते हुए 1857 से लेकर भारत छोड़ो आंदोलन तक की घटनाओं में इन क्षेत्रों की क्रांतिकारियों को याद किया और उनके जीवन तथा चरित्र से विद्यार्थियों को प्रेरणा लेने की सीख दी। इस अवसर पर अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने विद्यार्थियों को देश सेवा

के लिए हरदम तैयार रहने और समाज सेवा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में भाग लेने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना से डॉ अवधेश कुमार सिंह ने भारत छोड़ो आंदोलन में किसानों, महिलाओं तथा विद्यार्थियों की भागीदारी की चर्चा की। मुख्य संयोजक डॉ पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने राजनीति में महात्मा गाँधी के प्रवेश, और खेड़ा आंदोलन की चर्चा करते हुए बताया कि गाँधी जी के सक्रिय राजनीति में प्रवेश के बाद स्वतंत्रता आंदोलन वास्तविक अर्थों में जनआंदोलन के रूप में परिणत हुआ।

इस अवसर पर महाविध्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग ने स्थानीय इतिहास के संकल्पन तथा उस पर अनुसंधान किए जाने का संकल्प लिया। अतुल तोमर, श्रीमती विनीता गर्ग, भवनीत सिंह बत्रा, संदीप कुमार सिंह, कृष्ण कुमार, हरीश कसाना और शशि कपूर आदि अध्यापकों ने तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भागीदारी की।

आजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह में 'हर घर तिरंगा' थीम के अंतर्गत छात्र छात्राओं द्वारा रैली का आयोजन

दिनांक 13 अगस्त 2022 को महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव सप्ताह में 'हर घर तिरंगा' थीम के अंतर्गत छात्र छात्राओं द्वारा शनिवार 13 अगस्त को एक रैली निकाली गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने छात्रों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रो त्यागी ने विद्यार्थियों को देशभक्ति के जज्बे को बढ़ा देने वाले 'आजादी के नारे विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा' पंक्तियां बोलकर छात्रों को प्रोत्साहित किया। इसी अवसर पर डॉ पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि हमें राष्ट्रध्वज का सम्मान करना चाहिए।

आयोजन के क्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन पर व्याख्यान कर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया।

पीयूष त्रिपाठी ने भगत सिंह के नारे इंकलाब जिंदाबाद को रैली में बोलकर छात्रों का उत्साह बढ़ाया। रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं और सांस्कृतिक परिषद के छात्र छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।

आजादी के 75 साल पूरे होने पर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए शहीद स्मारक पर झंडा फहराया गया।

डॉ अवधेश कुमार सिंह ने देश प्रेम और देश की सेवा को सर्वोच्च सेवा बताया। उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों को देश के प्रति वफादार रहने एवं जरूरतमंद लोगों की मदद करने की सलाह दी।

रसायन विभाग की प्रोफेसर डॉ विनीता गर्ग ने रानी लक्ष्मीबाई का उदाहरण देकर छात्राओं को दृढ़ रहने और आत्मनिर्भर बनने पर बल दिया। इस अवसर पर अतुल तोमर, डॉ महेंद्र कुमार, डॉ विनय कुमार सिंह, संदीप कुमार सिंह, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार, शशि कपूर, हरिदत्त शर्मा, श्याम प्रकाश, जेनब, कोमल, रमा शर्मा, तमन्ना गोस्वामी, काजल यादव, उमा शर्मा तथा अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत 'भारत विभाजन विभीषिका दिवस' का आयोजन

दिनांक 14 अगस्त 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के अंतर्गत भारत विभाजन विभीषिका दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि भारत विभाजन दुनिया की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक है।

डॉ पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि भारत में अंग्रेजों की फूट डालो और नीति करो नीति के कारण ही भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश तीन अलग देशों के रूप में अस्तित्व में आए।

पीयूष त्रिपाठी ने कहा कि विभाजन की त्रासदी कई पीढ़ियों तक आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक विकास को पीछे करती है।

संदीप कुमार सिंह ने फिल्मों तथा कला के माध्यम से विभाजन की त्रासदी को प्रस्तुत किया।

डॉ विनय कुमार सिंह ने स्वतंत्रता के तत्काल बाद भारत सरकार द्वारा शरणार्थियों की समस्या के लिए किए गए प्रयासों को प्रस्तुत किया।

डॉ महेंद्र कुमार ने कहा कि अंग्रेजों के विभाजन की नीति के बाद भी भारत सेकुलर राज्य के रूप में स्थापित हुआ जबकि पाकिस्तान की स्थापना एक इस्लामी गणतंत्र के रूप में की गई। हरिदत्त शर्मा ने भारत विभाजन को बीसवीं सदी की सबसे बड़ी त्रासदी बताया।

इस अवसर पर नरेश कुमार, भूपेंद्र कुमार, अंकित गोयल, विवेक कुमार, अर्जुन सिंह,राजा गौतम, साधना शर्मा, हिमानी शर्मा, टीसा, नूपुर, राधिका, वर्षा, अर्चना तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी 75वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रस्तुत किये गए रंगारंग कार्यक्रमों में छात्राओं ने अधिक से अधिक बढ़-चढ़ कर अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया जिस को देखकर वहाँ उपस्थित सभी अतिथिगण मंत्रमुग्ध हो गए।

मंच का उत्तम संचालन प्रोफेसर पुष्पेंद्र मिश्रा और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रोफेसर पीयूष त्रिपाठी द्वारा तैयार

की गई। कार्यक्रम के समापन के उपरांत प्रबंधक कमेटी की सदस्यों वीरेन्द्र सिंह लौर, सुनील गोयल एवं कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी द्वारा सभी प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रो पुष्पेंद्र मिश्रा, प्रोफेसर पीयूष त्रिपाठी, डॉ महेंद्र कुमार, डॉ विनय कुमार, अतुल कुमार, संदीप कुमार सिंह, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार, शशि कपूर, हरिदास शर्मा, श्याम प्रकाश, भवनीत सिंह बत्रा, डॉ विनीता गर्ग, कॉलेज के पुराने छात्र, कुछ सम्मानित अतिथियों के अतिरिक्त अन्य सम्मानित बन्धु भी उपस्थित रहे।

सितंबर

शिक्षक दिवस के अवसर पर देवनागरी महाविद्यालय गुलावठी में शिक्षा में योगदान देने पर शिक्षकों को सम्मान

दिनांक 05 सितंबर 2022 को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य तथा शिक्षा में योगदान देने पर प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्य कक्ष में एक औपचारिक बैठक में को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का प्रत्येक शिक्षक अपनी पूरी दक्षता एवं कार्य क्षमता से महाविद्यालय की उन्नति में योगदान दे रहा है । आज यह दिवस उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि समस्त शिक्षक इसी प्रकार तन्मयता से संस्था के हितों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देते रहेंगे।

शिक्षक दिवस के अवसर पर उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा चयनित तथा इसी शिक्षण सत्र में कार्यभार ग्रहण करने वाले असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ हरीश कुमार कसाना, शशि कपूर तथा श्याम प्रकाश का अभिनंदन समारोह भी आयोजित किया गया। ये तीनों शिक्षक अपने सम्मान समारोह से अभिभूत दिखे।

इस अवसर पर अतुल तोमर तथा डॉ विनीता गर्ग ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। डॉ महेंद्र कुमार ने कहा की राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। डॉ पुष्पेंद्र कुमार मिश्र ने नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित किया। डॉ अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका अपने विद्यार्थियों को जीवन की किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार करने के लायक बनाने में है।

पीयूष त्रिपाठी ने कहा की शिक्षकों के समवेत प्रयास से ही शिक्षण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हरिदत्त शर्मा ने वैदिक वांग्मय के समय से ही शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। संदीप कुमार सिंह ने कविता पाठ करके शिक्षकों का आभार ज्ञापन किया।

भवनीत सिंह बत्रा ने कहा की वर्तमान समय में शिक्षकों की भूमिका एक मेंटर की हो गई है। डॉ विनय कुमार सिंह ने कहा कि तकनीकी प्रधान युग में शिक्षकों को वैज्ञानिक शोध पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। नरेश कुमार ने आत्म अनुशासन पर जोर दिया। कृष्ण कुमार ने सामाजिक आंदोलनों में शिक्षकों की भूमिका को याद किया। अमित कुमार ने कहा कि वर्तमान में शिक्षकों को अधिक तकनीकी ज्ञान से लैस होने की जरूरत है।

डी.एन. (पी.जी.) कॉलेज, गुलावठी और ए.के.पी. (पी.जी.) कॉलेज, खुर्जा के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

दिनांक 23 सितंबर 2022 को देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा आर्य कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय खुर्जा के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से दोनों संस्थानों ने शिक्षण तथा अधिगम के नए प्रयोग करने, एक दूसरे के फैकल्टी तथा छात्रों को आधिकारिक विजिट पर बुलाने, शोध प्रोजेक्ट कार्य तथा नई शिक्षा नीति को लागू करने तथा नैक मूल्यांकन हेतु परस्पर विशेषज्ञता का अदान प्रदान करने के लिए साझा रणनीति तैयार करने पर बल दिया। देवनागरी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने कहा कि इससे क्षमता निर्माण तथा नवप्रवर्तन के क्षेत्र में सहयोग का नया आयाम विकसित होगा। आर्य कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय खुर्जा की प्राचार्य प्रोफेसर डिंपल विज ने कहा कि दोनों संस्थान शिक्षण तथा अधिगम में नवाचार का प्रयास करेंगे दोनों प्राचार्यों ने महा विद्यालय में विद्यार्थियों की मांगों के अनुरूप स्किल डेवलपमेंट कोर्स विकसित करने के लिए साथ में काम करने का संकल्प लिया।

विविध

देवनागरी महाविद्यालय परिवार अपने नवनियुक्त शिक्षक का हार्दिक स्वागत करती है।

श्री श्याम प्रकाश

सहायक आचार्य, गणित विभाग

हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ

श्री श्याम प्रकाश

व्यक्तित्व परिचय

श्री श्याम प्रकाश उत्तर प्रदेश के कन्नौज जनपद में स्थित एक गांव अदमापुर के निवासी हैं। आपकी माता का नाम श्रीमती उर्मिला देवी है तथा पिता का नाम श्री कैलाशचन्द है। आपकी माताजी एक ग्रहणी हैं और पिताजी एक साधारण किसान हैं। आपकी विद्यालयी शिक्षा गांव में ही हुई। इसके बाद आपने सन 2014 में कानपुर में स्थित डी.बी.एस कॉलेज से विज्ञान में स्नातक डिग्री प्राप्त की। इसके उपरांत सन 2014 में IIT JAM की परीक्षा उत्तीर्ण की जिसके माध्यम से आपने आई.आई.टी. गांधीनगर, गुजरात में प्रवेश लिया। वहाँ से आपने गणित विषय में परास्नातक की डिग्री प्राप्त की । इसके साथ ही सन 2017 में CSIR-NET की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा सन 2018 में GATE की परीक्षा उत्तीर्ण की। वर्तमान में आप जुलाई 2022 से आप देवनागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गुलावठी, बुलंदशहर में असिस्टेंट प्रोफेसर गणित के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

ABOUT THE COLLEGE

Since its inception in 1966, the college is the oldest institute catering to the higher educational needs of Gulaothi in Bulandshahr district of Uttar Pradesh and its surrounding area. The college is located about 90 kilometers from National Capital Territory of Delhi. It runs Bachelor's Degree Courses in Arts and Sciences and M.A. in Economics-Self Finance. The alumni of the college are placed in various reputed academic and administrative posts across the length and breadth of India. The college has been playing an instrumental role in bringing about major positive changes in the life of college students, residents in the rural catchment area and the society at large in the hinterlands of Western Uttar Pradesh.

The college aims to create human resources that can keep pace with the changing global conditions and provide leadership. With effect from the academic session 2021-2022, the college is implementing courses based on 'Choice Based Credit System' according to the 'New Education Policy, 2020. In the new education policy, additional emphasis has been laid on practical aspects and skill development. To take advantage of these opportunities, the college has a team of qualified and experienced professors. Various activities are organized throughout the year in the college to develop the management and leadership skills of students through learner-centered activities. In order to fulfil its social obligations, the college also aims to empower the most vulnerable sections of the society.

https://dnpgcollege.ac.in/newsletter

Contact

Devanagari Post Graduate College
Meerut Road, Near Sikandrabad Bus Stand
Gulaothi, Distt. Bulandshahr (U.P.) – 203408

Phone: +91-853-298-2628

Email: dnpgcgulaothi@gmail.com

Google Map Location: https://goo.gl/maps/JUmeTjymETudMEp77